कार्यालय जिला निर्वाचन अधिकारी, ...

आदेश क्र. **दिनांक**

प्रेषक :– जिला निर्वाचन अधिकारी
(कलक्टर), ...

प्रेषिति :– समस्त आहरण एवं वितरण अधिकारी
जिला ....

विषय :– जिले के सभी राज्य कर्मचारियों की निर्वाचन संबंधी सूचना वेब साईट पर अपडेट करने बाबत।

प्रसंग :– मुख्य निर्वाचन अधिकारी, राजस्थान, जयपुर के आदेश क्रमांक प. 8(2)(2)निर्वा / 2013 / 3568 दिनांक 4 अगस्त, 2013

महोदय,

उपरोक्त विषयान्तर्गत एवं प्रासंगिक आदेश के क्रम में निवेदन है कि मुख्य निर्वाचन अधिकारी, राजस्थान, जयपुर के निर्देशानुसार राज्य विधानसभा के आम चुनाव 2013 के मध्येनजर जिले के सभी राज्य कर्मचारियों, जिनका वेतन आई.एफ.एम.एस. के माध्यम से ऑन लाईन भुगतान किया जा रहा है, की निर्वाचन संबंधी सूचना वेब साईट (http://ems-emp.raj.nic.in) पर दिनांक 31 अगस्त, 2013 तक अपडेट की जानी है।

इस वेब साईट पर लोगिंग करने के लिये आहरण एवं वितरण अधिकारियों के वही यूजर नेम एवं पास वर्ड काम में लिये जायेंगे जो कि उनके द्वारा वर्तमान में आई. एफ.एम.एस. प्रणाली में काम में लिये जा रहें है। उक्त वेब साईट पर निर्वाचन संबंधी सूचना अपडेट करने के लिये तैयार किया गया मैन्युअल उक्त वेब साईट पर ऑन लाईन पर उपलब्ध है। जिसे सभी आहरण एवं वितरण अधिकारी अपने स्तर पर प्रिन्ट आउट निकाल कर तदानुसार कार्यवाही करना सुनिश्चित करें।

राज्य विधानसभा के आम चुनाव 2013 के महत्वपूर्ण कार्य को ध्यान में रखते हुए जिले के सभी आहरण एवं वितरण अधिकारियों को निर्देशित किया जाता है कि कृपया इसे सर्वोच्च प्राथमिकता प्रदान करें तथा अपने अधीन सभी कर्मियों की उक्त सूचना उपरोक्त वेबसाईट पर दिनांक 31 अगस्त, 2013 तक अपडेट किया जाना सुनिश्चित करें।

भवदीय,

जिला निर्वाचन अधिकारी,

(कलक्टर), ...